कार्यालय प्रधानाचार्य, महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कालेज, झॉसी।

संख्या /नियुक्ति/नॉन पी0जी0रेजीडेन्ट/2026/एस0सी0–1 दिनांक 25-04-26

विज्ञापन

महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज झाँसी में रेजीडेन्सी योजना शासनादेश संख्या 156/2018/2014(1) /71–1–2018 –जी0–290/2017 टीसी 02 चिकित्सा शिक्षा अनुभाग–1 लखनऊ दिनांक 13 जून 2018 एवं 143/2018/1912/(1) /71–1–2018 जी–290/2017 टीसी 02 दिनॉक 23 मई, 2018 एवं भारत का राजपत्र राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग नई दिल्ली 14 फरवरी 2022के अनुसार इस कालेज के निम्नलिखित विभागों में नॉन पी0जी0 जूनियर रेजीडेन्ट के पदों पर नियत वेतनमान रूप्या 63000/– प्रतिमाह पर पैथोलोजी विभाग की आवश्यकता के अनुसार मेडिकल ग्रेजुएट अभ्यर्थियों से निर्धारित प्रारूप पर **दिनांक 30–04–2026 कोदोपहर 12:00** बजे तक **Walk in interview** हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।

1– **ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन (ब्लड बैंक) – एक पद (अन्य पिछड़ा वर्ग–1)**

इन पदों पर आवेदन की अर्हतायें निम्नलिखित है।

1– एम0बी0बी0एस0 परीक्षा वर्ष 2021 या उसके पश्चात के उत्तीर्ण अभ्यर्थी ही आवेदन के पात्र होंगे। इस चिकित्सा महाविद्यालय से एम0बी0बी0एस0 उर्तीर्ण अभ्यर्थी को वरियता दी जायेगी।

2– अथ्यर्थी की आयु साक्षात्कार की तिथि को 45 वर्ष या उससे कम होनी चाहिए।

3–घोषणा/शपथ पत्र कि अभ्यर्थी ने महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कालेज झॉसी/अन्य किसी कॉलेज/संस्थामे 03 वर्ष से अधिक जूनियर रेजीडेन्टप्रथम वर्ष ट्रामा सेन्टर /नॉन पी0जी0जे0आर0/ टयूटर/प्रदर्शक के पद पर कार्य नही किया है।

4– महानिदेशालय/शासन द्वाराबाण्ड से आच्छादित अभ्यर्थी तैनात किये जाने / अन्य दिशा निर्देश प्राप्त होने की स्थिति में अभ्यर्थी की सेवाएं तत्काल समाप्त करदीजायेंगी।

5– वर्तमान में उत्तीर्ण अभ्यर्थियो को वरीयता ही जायेगी। आवेदक को मेडिकल कौन्सिल ऑफ इण्डिया/उ0प्र0 स्टेट मेडिकल कौन्सिल में स्थाई पंजीकृत होना चाहिए।

6– अभ्यर्थियों का चयन पूर्णतया उनके द्वारा एम0बी0बी0एस0 पाठयकम में प्राप्त अंको के आधार पर होगा। साक्षात्कार में अभिलेखों का सत्यापन तथा अभ्यर्थियों का सामान्य परीक्षण किया जायेगा। इस हेतु **दिनांक 30–04–2026 को दोपहर 12** बजे कालेज के समिति कक्ष में अभ्यर्थियों का साक्षात्कार किया जायेगा । अभ्यर्थी साक्षात्कार हेतु समय से उपस्थित हों ।

7– साक्षात्कार हेतु यात्रा भत्ता अनुमन्य नहीं है।

8– यह नियुक्तियॉं पूर्णतः अस्थाई है एवं दिनांक **31–03–2027** तक के लिए की जायेगी।

9– अभ्यर्थियों के कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात अपने **पद से त्यागपत्र** देने पर उसे एक माह का अग्रिम नोटिस अथवा एक माह का वेतन जमा करना होगा।

10– यह नियुक्तियॉं बिना कोई कारण बताये कभी भी निरस्त की जा सकती है। नियुक्तियॉं, सेवा समाप्ति या इससे संबंधित किसी अन्य प्रकार के विवादास्पद मामले में प्रधानाचार्य का निर्णय अन्तिम होगा और इस संबंध में किसी भी न्यायालय में किसी प्रकार का कोई वाद नहीं बनेगा ।

आवेदन पत्र (निर्धारित प्रारुप) पर अभ्यर्थी का नाम, जन्म तिथि, श्रेणी, स्थाई एवं पत्र व्यवहार का पता, शैक्षिक योग्यता का पूर्ण विवरण स्पष्ट रुप से अंकित होना चाहिए। आवेदन पत्र के साथ पासपोर्ट साइज का एक फोटो तथा समस्त शैक्षणिक (हाईस्कूल का प्रमाण पत्र, इन्टरमीडिएट की अंकतालिका, एम0बी0बी0एस0 की अंकतालिकाएं, इन्टर्नशिप प्रमाण पत्र, एम0बी0बी0एस0 का रजिस्ट्रेशन, एम0बी0बी0एस0 की उपाधि।)एवं अन्य प्रमाण पत्रों (जाति प्रमाण पत्र, एन0ओ0सी0 इत्यादि लागू होने की दशा मे) की प्रमाणित प्रतियॉं संलग्न होना चाहिए । निर्धारित तिथि/समय के बाद प्राप्त आवेदन पत्र एवं अपूर्ण आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा ।

/

प्रधानाचार्य,
महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कालेज,झॉसी ।

संख्या 397/नियुक्ति/नॉन पी0जी0रेजीडेन्ट/2026/एस0सी0–1 तदिनांक ।:

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

1– समस्त विभागाध्यक्ष ।

2– नोटिस बोर्ड, छात्रानुभाग/ कालेज एवं समस्त छात्रावास ।

3– प्रमुख अधीक्षक/मुख्य चिकित्सा अधीक्षक,मेडिकल कालेज चिकि0,झॉसी।

4– महानिदेशक, चि0शि0 एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ।

5– प्रधानाचार्य, मेडिकल कालेज कानपुर/मेरठ/आगरा/इलाहाबाद/गोरखपुर/ आजमगढ़, अम्बेडकरनगर, कन्नौज, जालौन, सहारनपुर,बॉदा, बदायूँ को इस अनुरोध के साथ कि इस विज्ञापन को अपने सूचना पट पर प्रसारित कराने को कष्ट करें।

6– कुलसचिव, सी0एस0एम0 (के0जी0) मेडिकल विश्वविद्यालय, लखनऊ सैफई, इटावा को इस अनुरोध के साथ कि इस विज्ञापन को अपने सूचना पट पर प्रसारित कराने को कष्ट करें। ।

7 –स्वशासी राजकीय मेडिकल कालेज, अयोध्या,शाहजहांपुर, देवरिया/एटा/फतेहपुर/गजीपुर/ हरदोई/मीरजापुर /प्रतापगढ़/सिद्वार्थनगर को इस अनुरोध के साथ कि इस विज्ञापन को अपने सूचना पट पर प्रसारित कराने को कष्ट करें।

6– प्रभारी अधिकारी वेवसाइट को इस आशय से कि उपरोक्त विज्ञप्ति को कालेज की वेबसाइट पर प्रदर्शित कराना सुनिश्चित करें।

प्रधानाचार्य,
महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कालेज,झॉसी

File